

# उप मुख्यमंत्री ने किया 27 करोड़ के कार्यों का लोकार्पण

## गौरव दिवस के अवसर पर सतना को मिली तीन परियोजनाओं की सौगात

नवभारत न्यूज

**सतना, 24 जनवरी. प्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने सतना गौरव दिवस के चौथे आयोजन के अवसर पर स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत 27 करोड़ रूपये लागत की तीन परियोजनाओं का लोकार्पण कर सतना शहर को सौगात दी।**



उन्होंने शनिवार को सतना प्रवास के दौरान कलेक्टेट के पीछे धवारी क्षेत्र में नवनिर्मित व्यवसायिक प्रशिक्षण केंद्र भवन का विधिवत लोकार्पण किया। लगभग 8 करोड़ 34 लाख रुपए की लागत से बने आधुनिक प्रशिक्षण केंद्र को स्थानीय युवाओं के कौशल विकास और स्वरोजगार की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है। इसमें 250 प्रशिक्षणार्थी आवासीय प्रशिक्षण प्राप्त कर सकेंगे। लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान उप मुख्यमंत्री ने भवन का निरीक्षण किया। उप मुख्यमंत्री ने सतना शहर के भुंजवा मोहल्ले में 9 करोड़ 88 लाख रूपये लागत से नवनिर्मित सामुदायिक भवन (कम्युनिटी हाल) तथा स्मार्ट सिटी से 8 करोड़ 66 लाख रूपये की लागत से नारायण तालाब के पुर्ननिर्माण एवं सौंदर्यीकरण कार्य का लोकार्पण किया।

इस अवसर पर नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी, महापौर योगेश ताम्रकार, स्पीकर नगर निगम राजेश चतुर्वेदी, कलेक्टर सतना डॉ. सतीश कुमार एस, पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह, नगर निगम आयुक्त शैलेन्द्र सिंह, डिप्टी कमिश्नर सत्यम मिश्रा, जिलाध्यक्ष भगवती प्रसाद पाण्डेय सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

# न्यायालय परिसर में अड़ीबाजी करने पर सात गिरफ्तार

## सिविल लाइन थाना पुलिस की कार्रवाई

नवभारत न्यूज

**सतना, 24 जनवरी. न्यायालय परिसर में अब गुंडागर्दी, अड़ीबाजी और मारपीट होना आम बात हो गई है। सबसे सुरक्षित इस परिसर में अपराधियों की हरकत कानून और सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े करती है। अड़ी और गुंडा टैक्स मांगने के एक ऐसे ही मामले में सिविल लाइन थाना पुलिस ने सात आरोपियों को गिरफ्तार कर शनिवार को अदालत में पेश किया है।**



इस मामले में पुलिस ने आरोपी मन्नू उर्फ मृगेंद्र सिंह पिता राजवेंद्र सिंह, साहिल सिंह उर्फ किस्सू पिता योगेंद्र सिंह परिहार, नारायण सिंह पिता अनिल सिंह, आदित्य मिश्रा पिता अमरीश मिश्रा, विपुल द्विवेदी उर्फ तुषार रामलाल द्विवेदी, देव पटारिया पिता रितेश पटारिया, कान्हा उर्फ आर्यन कुशवाहा बादल कुशवाह को मौके से अभिरक्षा में लिया है। थाना सिविल लाइन में धारा 119 (1) व अन्य धारा के तहत अपराध कायम कर पुलिस ने सभी आरोपी अदालत में पेश कर दिए। इस कार्रवाही में निरीक्षक योगेंद्र सिंह परिहार, एएसआई रोहिणी प्रसाद वर्मा, प्रधान आरक्षक प्रवीण तिवारी, विवेक दुबे, विकास सिंह, रवि शंकर पांडेय, आरक्षक आनंद सिंह, अंकेश मरमट की अहम भूमिका रही।

# केरोसिन डालकर पत्नी को जलाने वाले को सश्रम कारावास

## पांच साल की सजा के साथ 15 हजार का अर्थदंड

नवभारत न्यूज

**सतना, 24 जनवरी. गरम खाना नहीं देने पर पत्नी के साथ मारपीट करते हुए उसे कैरोसिन डालकर जलाने वाले को अदालत ने पांच वर्ष सश्रम कारावास के साथ 15 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है।**

न्यायालय सत्र न्यायाधीश सतना ने अभियुक्त ओमप्रकाश विश्वकर्मा पिता रामलाल विश्वकर्मा (41) निवासी ग्राम इटौर, थाना कोटर को आहत खुशबू विश्वकर्मा की मृत्यु कारित करने के प्रयास का अपराध प्रमाणित पाए जाने पर 5 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 15000 रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। मामले में राज्य की ओर से लोक अभियोजक /शासकीय अभिभाषक रमेश मिश्रा (जीपी) ने पैरवी की है। उन्होंने बताया, 9 फरवरी 2022 को आहत खुशबू विश्वकर्मा के पति ओमप्रकाश विश्वकर्मा ने रात 10 बजे अपनी पत्नी को गरम खाना बनाकर न देने के विवाद पर उसके साथ मारपीट की तथा उस पर मिट्टी का तेल डालकर आग लगा दी। जिससे आहत के पेट, गर्दन व हाथ जल गए। आहत को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय सतना में भर्ती कराया गया। जांच के दौरान आहत खुशबू विश्वकर्मा तथा उसके माता-पिता शकुंतला विश्वकर्मा, प्रभुनाथ विश्वकर्मा एवं मामा राजेश विश्वकर्मा के कथन लिए गए और चिकित्सक से क्वेरी किए जाने पर चिकित्सक द्वारा चोटें गम्भीर प्रकृति की होने एवं समय पर आग न बुझाए जाने की स्थिति में आहत की मृत्यु हो सकने का अभिमत दिए जाने पर अभियुक्त ओमप्रकाश विश्वकमाज़ू के विरुद्ध थाना कोटर में अपराध क्रमांक 57/2022 में आईपीसी की धारा 326 एवं 307 का प्रथम सूचना प्रतिवेदन पंजीबद्ध किया गया। अभियुक्त को अभिरक्षा में लेकर उससे पूछताछ कर उसका मेमोरण्डम कथन लेखबद्ध किया गया। अनुसंधान में प्रकट तथ्यों के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध प्रथम दृष्ट्या अपराध प्रमाणित पाए जाने पर न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, सतना अदिती कुमार शर्मा की न्यायालय में अभियोगपत्र प्रस्तुत किया गया। जहां से उपार्पित होकर इस न्यायालय को विचारण के लिए प्राप्त हुआ। विचारण पर धारा 307 आईपीसी का अपराध प्रमाणित पाए जाने पर दंडित किया गया है।

# ननि के नेता प्रतिपक्ष के साथ 15 लाख की धोखाधड़ी

## जमीन की खरीद फरोख्त का मामला

नवभारत न्यूज

**सतना, 24 जनवरी. जमीन की सौदेबाजी में नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष रावेंद्र सिंह मिथिलेश के साथ लाखों रुपए की धोखाधड़ी किए जाने का मामला सामने आया है।**

जमीन बेचने के नाम पर दो बहनों ने उनसे पैसा ले लिया, लेकिन रजिस्ट्री नहीं कराई। लिहाजा मामला अब पुलिस की मदद के लिए थाने तक पहुंच गया है। पुलिस को दिए आवेदन में बताया गया कि कृपालपुर में विश्राम चौधरी के नाम की जमीन का सौदा उनकी दो बेटियों कुसुम कली और कुसमा ने अनुबंध पर किया था। 11.58 एकड़ जमीन की सौदेबाजी में 15 लाख रुपए बयाना दिया गया था। अब इस बात की शिकायत हो रही है कि अनुबंध को लंबा समय बीत जाने के बाद भी विक्रेता पक्ष न तो जमीन की रजिस्ट्री करा रहा है और न पैसा लौटा रहा है।

नेता प्रतिपक्ष रावेंद्र सिंह मिथिलेश ने दोनों बहनों सहित सौदे में मध्यस्थ की भूमिका निभाने वाले संजय चौधरी के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्यवाही किए जाने का आवेदन कोलगंवा थाने में दिया है। सूत्र बताते हैं कि रघुराज नगर तहसील अंतर्गत कृपालपुर की आराजी 1299/ 1, 1300/1/2, 1301/1/3, 1301/2, 1302/2, 1302/2क, 1343/4/1/1, 1350/1, 1355/1 एवं 1355/2 कुल 10 किता की 11.58 एकड़ भूमि का सौदा किया गया था। इसके एवज में बयाना के तौर पर 8 लाख रुपए नगद एवं साढ़े 3- साढ़े 3 लाख के दो चेक दिए गए थे।

इलाहाबाद बैंक सतना का एक चेक 470962 कुसुम कली एवं दूसरा चेक 470968 कुसमा के नाम पर दिया गया था। बम्हनगंवा निवासी रावेंद्र सिंह मिथिलेश कांग्रेस के नेता एवं व्यवसायी हैं, जो अब अपने आप को ठगा महसूस कर रहे हैं, अन्यथा पुलिस की शरण में जाने की नौबत उन्हें क्यों आती?

# फर्जी बिल लगाकर धोखाधड़ी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

## जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय ने कराई एफआईआर

नवभारत न्यूज

**सतना, 24 जनवरी. जिले के 6 शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूलों में रंगाई-पुताई और मरम्मत के नाम पर फर्जी बिल लगाकर 30 लाख रुपए की धोखाधड़ी करने वाले आरोपी संविदाकार को सिटी कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।**



प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी पवन कुमार श्रीवास्तव पिता स्व. संतोष कुमार श्रीवास्तव उम्र 45 वर्ष निवासी चांदमारी रोड धवारी गली न. 01 के द्वारा दिनांक 12.01.26 सत्यव्रत तिवारी संविदाकार के द्वारा 06 शालाओ के मरम्मत कार्य संबधी फर्जी देयतको का भुकतान प्राप्त करने हेतु देयक प्रस्तुत कर षणयंत्रपूर्वक राशि प्राप्त करने संबधी आवेदन पत्र दिये जाने से प्रकरण अप. धारा 316(5) ,62 318(4),336(3) बीएनएस का अपराध पाये जाने से प्रकरण पंजीबध्द किया जाकर विवेचना मे लिया जाकर मामले के आरोपी की गिरफ्तारी हेतु त्वरित कार्यवाही करते हुये टीम गठित की जाकर टीम रवाना किया गया रवानाशुदा टीम के द्वारा आरोपी सत्यब्रत तिवारी पिता बृजेन्द्र प्रसाद तिवारी उम्र 35 वर्ष ग्राम देवरा पोस्ट खटखरी थाना शाहपुर जिला मउगंज म.प्र. को विधिवत गिरफ्तार किया जाकर पेश माननीय न्यायालय किया गया है ।

# पंजाबी कॉलोनी से बैट्री चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**सतना, 24 जनवरी. सिटी कोतवाली पुलिस ने बैट्री चोरी करने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है। जिसे कार्रवाही के बाद शनिवार को अदालत में पेश कर दिया गया।**



पुलिस के अनुसार, पंजाबी कॉलोनी निवासी किशन अग्रवाल पिता रमेश अग्रवाल ने रिपोर्ट लिखाई थी कि 23 जनवरी को उनकी बैट्री चोरी हुई हैं। इस पर अपराध क्रमांक 113/26 में धारा 331(4), 305(ए) बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। इसी मामले में आरोपी अरविंद उर्फ राजा वंशकार पिता ओमप्रकाश वंशकार निवासी बजरहा टोला सतना को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया है। इस कार्रवाही में प्रधान आरक्षक चितेन्द्र पांडेय, आरक्षक उपेश पाठक, लखनलाल शर्मा की अहम भूमिका रही।

# अंधे कत्ल के आरोपी को आजीवन कारावास

नवभारत न्यूज

**सतना, 24 जनवरी. न्यायालय विशेष न्यायाधीश ( पॉक्सो एक्ट ) अमर सिंह सिसोदिया, अष्टम अपर सत्र न्यायालय सतना द्वारा आरोपी राजेश रजक तनय जनार्दन रजक, उम्र-38 वर्ष, निवासी नयागावं थाना-सभापुर जिला सतना को धारा 302, 201, 362 भादसं. में आजीवन कारावास एवं 14 हजार अर्थदंड से दंडित किया गया ।**

मामले में राज्य की ओर से सहायक निदेशक नरेश कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में विशेष लोक अभियोजक पॉक्सो एक्ट/एडीपीओ अनूप गुप्ता द्वारा अभियोजन का संचालन किया गया । अभियोजन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार 17 नवम्बर 2022 को फरियादी ने थाना सभापुर में रिपोर्ट किया कि उसकी पुत्री उम्र 06 वर्ष की नही मिल रही है उसने अपनी पत्नी से पूछा कि बच्ची स्कूल से अभी तक नहीं आयी तो उसकी मां ने बताया कि वह आज स्कूल नहीं गई है, तब उन लोगों ने उनकी लड़की का स्कूल में जाकर पता किया तो मास्टरों ने बताया कि उनकी लड़की आज स्कूल नहीं आयी है, तब उन्होंने आसपास के गांव में एवं नाते रिश्तदोरों में जरिये फोन से पता किया, कोई पता नहीं चला। उक्त रिपोर्ट पर से गुमशुदा की रिपोर्ट पंजीबद्ध कर प्रकरण पुलिस द्वारा विवेचना में लिया गया । विवेचना में पुलिस ने पाया कि आरोपी राजेश रजक उर्फ बलमीन ने मृतिका उम्र 06 वर्ष को उसके पिता से रंजिश के कारण मोटर सायकिल से ददारिन के जंगल लेकर गया था और उसकी गला घोटकर हत?या कर दी थी और शव को झाड़ियो मे छिपा दिया था । जिसके आधार पर आरोपी की निशादेही से घटनास्थल ग्राम ददारिन के जंगल में पहुंचकर मृत अभियोक्त्री का क्षतविक्षत हालत में शव बरामद किया, शव की पहचान फरियादी ने अपनी पुत्री उम्र 06 वर्ष के रूप में की । अभियोक्त्री के शव की डीएनए जॉच फरियादी के डीएनए से कराए जाने पर वह फरियादी की पुत्री होना पाई गई । क्षेत्रीय न्यायिक विज्ञान प्रयोगशाला भोपाल की वैज्ञानिक अधिकारी डॉ. स्वप्निला चौहान द्वारा डी.एन.ए. जांच रिपोर्ट दिये जाकर प्रमाणित की गई तथा पुलिस द्वारा अनुसंधान पूर्ण कर अभियोग पत्र न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया ।

# अटल टेनिस बॉल टूर्नामेंट का सेमीफाइनल मुकाबला हुआ

नवभारत न्यूज

**सतना, 24 जनवरी. अटल बिहारी वाजपेई टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट महापौर कप 2026 के सेमीफाइनल मुकाबले आज सफलतापूर्वक संपन्न हुए।**



आज खेले गए पहले सेमीफाइनल मुकाबले में वार्ड क्रमांक 30 एवं वार्ड क्रमांक 40 के बीच मुकाबला हुआ, जिसमें वार्ड क्रमांक 30 ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 6 विकेट से विजय प्राप्त की। इस मैच में उत्कृष्ट खेल के लिए सचिन मिश्रा को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला वार्ड क्रमांक 22 एवं वार्ड क्रमांक 34 के बीच खेला जा रहा है, जिसमें वार्ड क्रमांक 22 ने पहले बल्लेबाजी करते हुए वार्ड क्रमांक 34 को 140 रनों का लक्ष्य दिया है। सेमीफाइनल मुकाबलों के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में रामपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक विक्रम सिंह 'विक्की भैया' उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर योगेश ताम्रकार ने की। विशिष्ट अतिथियों में आयकर विभाग के उपायुक्त राकेश समदरिया, स्पीकर पालन चतुर्वेदी, सिटी कोतवाली क्षेत्र के थाना प्रभारी रविंद्र द्विवेदी, भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता रामसागर पांडे, आशीषेक दत्त पांडे, श्यामलाल गुप्ता, संजय शुक्ला, गीतेश्वर सिंह एवं श्री सुधीर आहूजा सहित अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. श्रीराम मिश्रा ने सभी अतिथियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया.



# बीटेक विद्यार्थियों को मिला उद्योग का सीधा अनुभव

नवभारत न्यूज

**सतना, 24 जनवरी. ए.के.एस. विश्वविद्यालय, सतना के बी.टेक सिविल इंजीनियरिंग एवं सीमेंट प्रौद्योगिकी पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों ने अदाणी सीमेंट की फ्यूचरएक्स पहल के अंतर्गत आयोजित विद्यार्थियों से संवाद कार्यक्रम में सहभागिता की।**

यह कार्यक्रम 20 जनवरी 2026, मंगलवार को ऑनलाइन माध्यम से संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को उद्योग की कार्यप्रणाली, वर्तमान आवश्यकताओं और भविष्य की रोजगार संभावनाओं से परिचित कराना था। संवाद सत्र के दौरान विद्यार्थियों को यह जानकारी दी गई कि किस प्रकार शैक्षणिक ज्ञान को व्यावहारिक औद्योगिक अनुभव से जोड़ा जा सकता है। कार्यक्रम अदाणी वर्ल्ड अनुप्रयोग के माध्यम से आयोजित किया गया, जिसमें अदाणी सीमेंट के विशेषज्ञों ने सीमेंट एवं आधारभूत संरचना क्षेत्र में उपलब्ध अवसरों, आवश्यक कौशल और करियर की दिशा पर विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के सीमेंट प्रौद्योगिकी विभागाध्यक्ष डॉ. गौरव शुक्ला तथा सिविल इंजीनियरिंग विभागाध्यक्ष डॉ. प्रलव श्रीवास्तव उपस्थित रहे। कार्यक्रम में डॉ. एस.के. झा, इंजीनियर प्रियंका सिंह, डॉ. राहुल ओमर, डॉ. रोहित ओमर, इंजीनियर प्रदीप पाठक, गरिमा पांडेय, सतीश कुमार तिवारी, ऋचा त्रिपाठी, श्रद्धा पांडेय एवं विषुतोष बाजपेयी सहित अन्य प्राध्यापकों ने भी सहभागिता की।

### प्रेमनगर में 27 को हिंदू सम्मेलन

**सतना, 24 जनवरी.** हिंदू जागरण की दिशा को नई ऊर्जा एवं चेतना प्रदान करने हेतु सर्व हिंदू समाज द्वारा सनातन संस्कृति सनातन एकता के प्रतीक हिंदू सम्मेलन का का आयोजन पूरे देश मे किया जा रहा है उसी श्रृंखला में प्रेमनगर में दुर्गा बस्ती एवं प्रेम विहार बस्ती का हिंदू सम्मेलन आयोजित है। इस हेतु मोहल्ले के घर घर जाकर पीले अक्षत के साथ उनको आमंत्रित किया जा रहा है ज्ञात हो यह कार्यक्रम दुर्गा मंदिर प्रेमनगर के पास स्थित पंडित विजय शंकर मिश्र परिसर ( विधि महाविद्यालय ) में अगामी 27 जनवरी को समय 2 बजे से 11 बजे तक आयोजित है।

# कफ सिरप तस्कर ने किया सरेंडर

▸ पुलिस को मिलीं खाली शीशी

नवभारत न्यूज

**सतना, 24 जनवरी. कफ सिरप का अवैध कारोबार करने के मामले में फरार आरोपी ने अदालत के सामने सरेंडर किया है।**

जिसे रिमांड पर लेने के बाद पुलिस ने पूछताछ करते हुए उसके घर की तलाशी ली तो कफ सिरप की खाली शीशी मिलीं। आवश्यक साक्ष्य जब्ती के बाद पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया। मैहर पुलिस के अनुसार, करीब ढाई महीने से फरार चल रहे थाना ताला क्षेत्र के नशीली कफ सिरप के कुख्यात तस्कर रजनीश उर्फ सज्जन सिंह पिता रामायण प्रताप सिंह (41) निवासी ग्राम करौंदी थाना ताला ने विशेष न्यायालय एनडीपीएस एक्ट सतना के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया था। जिसे थाना ताला पुलिस द्वारा पुलिस रिमांड में लेकर पूछताछ की गई।



# तीन दिवसीय कजरौटा महोत्सव 30 से

## व्यंकटेश लोक में होंगे विविध कार्यक्रम

नवभारत न्यूज

**सतना 24 जनवरी. कला साहित्य एवं परम्पराओं का अनूठा संगम भारतीय कला महोत्सव कजरौटा का आयोजन 30 जनवरी से 1 फरवरी तक व्यंकटेश लोक, सतना में किया जा रहा है।**

कजरौटा महोत्सव के प्रथम दिवस 30 जनवरी को नाट्य शास्त्र का पुनर्पाठ के अंतर्गत शास्त्रीय सिद्धांत और समकालीन प्रदर्शन कलाओं पर राष्ट्रीय परिचर्चा, कबीर गायन की संगीत प्रस्तुति, शहीद दिवस पर महात्मा गांधी की गाथा को प्रस्तुत करती नाट्य प्रस्तुतियां दी जायेगी। महोत्सव के द्वितीय दिवस 31 जनवरी को कला, तकनीक पत्रकारिता विषय पर आधारित संवाद सत्र एवं परिचर्चा आयोजित होगी। जिनमें मध्यप्रदेश के राज्य निर्वाचन आयुक्त मनोज कुमार श्रीवास्तव, विविध भारती मुम्बई के आरजे यूनुस खान, वरिष्ठ पत्रकार गिरजा शंकर भोपाल, जयराम शुक्ला रीवा तथा भोपाल के टीवी न्यूज एंकर अंचल शुक्ला अपने-अपने विषयों पर व्याख्यान देंगे। इसी दिन रवीन्द्रनाथ टैगोर की कहानियों के तीन छोर की नाट्य प्रस्तुति, श्री जानकी बैण्ड की बुन्देली लोकगीतों की संगीत प्रस्तुति और भारतीय नृत्य परंपरा में पारम्परिक, शास्त्रीय लोक नृत्य की प्रस्तुतियां होगी।

# प्रिज़्म को स्किल डेवलपमेंट कैटेगरी में मिला प्रथम पुरस्कार

नवभारत न्यूज

**सतना, 24 जनवरी. प्रिज़्म जॉनसन लिमिटेड को कारपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी के तहत कौशल विकास के क्षेत्र में किये गये उत्कृष्ट प्रयासों के लिए प्रथम ग्रीनएनवायरो सीएसआर अवार्ड 2026 से सम्मानित किया गया।**



इस प्रतिष्ठित पुरस्कार को देवेन्द्र मिश्रा, डीजीएम सीएसआर एंड पीआर, प्रिज़्म जॉनसन लिमिटेड मनकहरी ने ग्रीन इनवायरो फाउंडेशन द्वारा 12 जनवरी को गोवा में आयोजित रंगारंग कार्यक्रम में प्राप्त किया। कार्यक्रम में श्री श्रीपद नाइक, राज्यमंत्री, नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय, भारत सरकार की उपस्थिति भी रही। यह सम्मान कंपनी द्वारा कौशल विकास के क्षेत्र में किये गये उत्कृष्ट कार्यों के साथ अन्य सामाजिक कल्याणकारी कार्यों में किये गए महत्तवपूर्ण योगदान एवं समाज सेवा की प्रतिबद्धता और सतत विकास के प्रयासों को मान्यता देने हेतु प्रदान किया गया। प्रिज़्म जॉनसन लिमिटेड द्वारा सामाजिक उत्तरदायित्व के क्षेत्र में इस प्रतिष्ठित पुरस्कार को प्राप्त करने पर कंपनी के कार्यकारी निदेशक एवं सीईओ राकेश जैन, प्रेसीडेंट एंड प्लांट हेड मनीष कुमार सिंह, हेड एचआरएम एंड कार्पोरेट अफेयर्स एंड हेड कार्पोरेट एचआर डॉ. मनीष कुमार सिन्हा एवं अन्य वरिष्ट अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि प्रिज़्म जॉनसन लिमिटेड समाज के विकास के लिए लंबे समय से समर्पित है। कंपनी ग्रामीण क्षेत्रों शिक्षा के अवसर बढ़ाने, स्वास्थ्य सुविधाएं सुलभ कराने, पर्यावरण संरक्षण को बढावा देने तथा विभिन्न सामाजिक योजनाओं को गति देने में महत्तवपूर्ण भूमिका निभा रही है।

## एक नजर में



### भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर पर विचार गोष्ठी

**सतना।** प्रतिभा को अवसर मिले तो वह आगे बढ़ती है वर्ना कुंठित हो जाती है। प्रतिभा किसी के अंदर भी हो सकती है चाहे वह कोई राजपुत्र हो या किसी अन्य समाज से हो यदि ऐसा नहीं होता तो शूद्र पुत्र कहे जाने वाले कर्ण में राजकुमारों जैसी प्रतिभा नहीं होती। उक्त आशय के विचार बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर के जन्म जयंती समारोह के अवसर पर पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित बाबूलाल दहिया ने मुख्य अतिथि के आसंदी से व्यक्त किया। भारत पेंशनर समाज सतना के जिला अध्यक्ष हरिप्रकाश गोस्वामी ने कहा कि समाज की आजादी के लिए ईमानदारी से काम करने वालों में देश में यदि कोई रहा तो वह राम मनोहर लोहिया थे।



### वैश्य महासम्मेलन महिला इकाई ने मनाया बसंत पंचमी

**सतना।** वैश्य महासम्मेलन महिला इकाई जिला सतना द्वारा अध्यक्ष मीरा अग्रवाल के नेतृत्व में बसंत पंचमी महोत्सव मनाया गया। पी आर ओ पूजा गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया समाज की मातृशक्तियों ने बसंत ऋतु में पीले वस्त्र पहनकर माँ सरस्वती की वंदना के साथ पूजा अर्चना कर कैलेंडर का विमोचन प्रदेश महामंत्री हरिओम गुप्ता नरेंद्र गुप्ता अध्यक्ष संजय अग्रवाल गणेश गुप्ता जिला प्रभारी स्वाति गुप्ता की उपस्थिति में किया गया । सीमा नेमा अंजू अग्रवाल शारदा कौशल रागिनी बिचपुरीया संगीता गुप्ता ज्योति गुप्ता आभा अग्रवाल प्रीति गुप्ता छाया गुप्ता मंजू जैन सरिता जैन पूजा गुप्ता एवं सुरभि जैन उपस्थित रही.



### आरम्भ समिति ने दिव्यांग बालिकाओं को बांटे कंबल

**सतना.** बसंत पंचमी के पावन अवसर पर आरम्भ युवाओं की एक नई सोच समिति, सतना द्वारा समाजसेवा की एक अनुकरणीय मिसाल प्रस्तुत की गई। समिति के अध्यक्ष अंकित रॉकी शर्मा जी की स्वर्गीय माता श्रीमती मंजू लता शर्मा जी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में यह सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया।